तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 20 अक्टूबर 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4

जवारा विसर्जन के साथ नवरात्र पर्व का मापन, आज होगा रावण दहन



खबर संक्षेप

नोनबिर्रा में दशहरा उत्सव पर डांस प्रतियोगिता आज

हरदीबाजार। दीपका क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नोनबिर्रा में 20 अक्टूबर को डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता को लेकर आयोजकों द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम में प्रतिभागियों के साथ-साथ क्षेत्र के दर्शकों की भी उत्साहपूर्ण भागीदारी की उम्मीद है। आयोजकों के अनुसार, प्रतियोगिता में ग्रुप डांस के प्रतिभागी अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समूहों को आकर्षक नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रथम पुरस्कार 31 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 21 हजार रुपये, तृतीय पुरस्कार 11 हजार रुपये तथा चतुर्थ पुरस्कार 5 हजार 100 रुपये निर्धारित किया गया है। ग्रुप डांस प्रतियोगिता के लिए प्रवेश शुल्क 500 रुपये रखा गया है। कार्यक्रम का आयोजन रात्रि 7 बजे से किया जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्र के समस्त ग्रामवासियों, नृत्य प्रतिभागियों एवं दर्शकों से कार्यक्रम में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ ने वृद्धजनों को भोजन कराकर लिया आशीर्वाद

मड़वारानी। छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ द्वारा भोग भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ एवं समाजसेवी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया मुख्य रूप से उपस्थित समाजसेवी गोविंदा सारथी अशोक पटेल क्रांतिकारी योद्धा जिला अध्यक्ष कौशल चौहान, नगर अध्यक्ष सोनू मंहत, ब्लाक अध्यक्ष मनोज यादव, कैलाश दास महंत, गुरुदयाल मानिकपुरी, रवि भाई, अशोक चौहान, उतरा चौहान, जानकी चौहान, पितांबर कंवर, राम, शकुन यादव, शिव, ईश्वर दास, कमलेश मैत्री, ब्लाक प्रभारी सावन कुमार, अशोक बिंझवार एवं समस्त पदाधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कैटरिंग कुक द्वारा छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ के लिए निशुल्क भोजन बनाया गया। दिलेश्वर महंत यह निशुल्क भोजन बरपाली कोषाध्यक्ष धनसिंह कंवर द्वारा आयोजित किया गया था।

दुर्गा पंडाल में नवमी को हुआ हवन पूजन

हरदीबाजार। नवरात्रि के पावन अवसर पर नवमी को बस स्टैंड हरदीबाजार के दुर्गा पंडाल में हवन पूजन, श्रद्धधारा उसके पश्चात 9 कन्याओं को कन्या भोज, ब्राम्हण भोज कराया गया। उसके पश्चात नवरात्रि उपवास रखने वाले श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।इस अवसर पर मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार के अध्यक्ष निलेन्द्र राठौर, सचिव विनय चंद्राकर, कोषाध्यक्ष नवनीत गुप्ता, आचार्य हीरालाल पांडेय, सुरेंद्र राठौर, सुर्या यादव,दुर्गेश डिक्सेना, पंकज धुरवा, बजरंग यादव, नरेंद्र अहीर,तरुण डिक्सेना, रमेश राठौर,जयप्रकाश राठौर, वीरेंद्र पटेल जी,डॉ गणेश प्रभुवा, यशवंत राठौर, ब्यास राठौर,आशीष अग्रवाल, कमल श्रीवास, यदुराज राठौर के अलावा समिति के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

31 तक चलेगा विशेष अभियान

कोरबा। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में जिले में 5 से 31 अक्टूबर तक विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान प्रारंभ किया जा रहा हैं। इस सम्बन्ध में सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी सतीश प्रकाश सिंह ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन तथा अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती माधुरी सोम ठाकुर के निर्देशन में जिले में मतदाता सूची से छूटे हुए सभी पात्र नागरिकों तथा पहली बार मतदाता बनने के लिए पात्र बने युवाओं के नाम जोड़ने के लिए विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान 5 से प्रारंभ होकर 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा।

मुख्यमंत्री की घोषणा पर शहर में नवीन सर्किट हाउस निर्माण को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा कोरबा प्रवास के दौरान जिला मुख्यालय में नवीन सर्किट हाउस निर्माण की घोषणा की गई थी। राज्य शासन ने घोषणा के अनुरूप भवन निर्माण के लिए 3 करोड़ 11 लाख 29 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। नवीन सर्किट हाउस के निर्माण के लिए रामपुर आईटीआई, डिंगापुर के पास स्थल चिह्नित कर आरक्षित किया गया है। लोकनिर्माण विभाग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री अरुण साव के प्रयास से राशि स्वीकृति हुई।

कार्यपालन अभियंता जी आर जांगड़े ने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा इस स्थल पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त सर्किट हाउस का निर्माण कराया जाएगा। भवन में वीआईपी सूट के साथ अतिथियों के लिए अलग-अलग कक्षों की व्यवस्था रहेगी। भवन की रूपरेखा में भविष्य की आवश्यकताओं को भी ध्यान में रखा गया है। प्रस्तावित भवन में ड्राइंग रूम, प्रतीक्षालय, रसोईघर, भोजन कक्ष सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। परिसर में वीआईपी और सामान्य वाहनों के लिए पृथक पार्किंग, उद्यान एवं हरित क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। वाहनों के सुगम आवागमन के लिए अलग प्रवेश और निकास द्वार भी प्रस्तावित हैं। नवीन सर्किट हाउस के निर्माण से जिला मुख्यालय में शासकीय अतिथि गृह की सुविधाओं का विस्तार होगा। जिले के प्रवास पर आने वाले जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों और विशिष्ट अतिथियों को ठहरने के लिए बेहतर आवासीय सुविधा मिल सकेगी। प्रशासकीय स्वीकृति और स्थल चिह्नांकन के बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित विभागीय प्रक्रिया के तहत निर्माण कार्य की आगामी कार्रवाई की जाएगी।

311.29 लाख रुपए की मिली प्रशासकीय स्वीकृति

खास बातें

- रामपुर आईटीआई डिंगापुर के पास स्थल चिन्हित
- लंबे समय से जिले में सर्किट हाउस की बन रही थी योजना



रेलवे स्टेशन जाने के लिए ही नहर रोड का कर सकेंगे इस्तेमाल, आने के लिए ब्रिज का करना होगा इस्तेमाल

शहर के भीतर लग रही भीड़, शनि मंदिर के पास ट्रैफिक को किया गया डायवर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शारदीय नवरात्रि और आगामी दशहरा पर्व को देखते हुए शहर में उमड़ने वाली भारी भीड़ और जाम की समस्या से निपटने के लिए जिला यातायात पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। शहर के व्यस्तम सोनालिया मुख्य मार्ग और नहर पारा क्षेत्र में लगातार लग रहे ट्रैफिक जाम से आम नागरिकों और श्रद्धालुओं को राहत दिलाने के लिए प्रशासन ने रूट डायवर्सन की व्यवस्था लागू कर दी है, जो दशहरा उत्सव तक प्रभावी रहेगी।

त्योहार के दौरान आवागमन को सुगम बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस ने श्रद्धालुओं और आम नागरिकों की सुविधा के लिए सीतामढ़ी शनि मंदिर के पास यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। सीतामढ़ी और रेलवे स्टेशन की ओर से शहर के भीतर आने वाले वाहन अब सीधे नहर पार मार्ग का उपयोग नहीं कर सकेंगे। इस दिशा से आने वाले लोगों को अब सीधे ओवरब्रिज पार करना होगा, जिसके बाद वे राताखार और तुलसी नगर मार्ग से होते हुए सुरक्षित और सुगमता से शहर के भीतर प्रवेश कर सकेंगे। जबकि सोनालिया से रेलवे स्टेशन जाने वाले यात्रियों को जाने की अनुमति दी गई है। यातायात का यह डायवर्सन त्यौहार की भीड़भाड़ के समय विशेष रूप से लागू किया गया है। नवरात्रि के दिनों में माता के दर्शन के लिए पंडालों और बाजारों में भारी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं, जिससे मुख्य मार्गों पर दबाव काफी बढ़ गया था। विशेषकर सोनालिया मुख्य मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग रही थीं, जिससे पैदल चलने वाले श्रद्धालुओं और एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। यातायात पुलिस के इस नए और सूझबूझ भरे ट्रैफिक प्लान से शहरवासियों को जाम के झंझट से मुक्ति मिलेगी और लोग बिना किसी बाधा के अपने परिवार के साथ त्योहारी उल्लास का आनंद ले सकेंगे। प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और नए रूट का उपयोग कर व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।



सड़क पर तैनात किया गया यातायात पुलिस

सेवानिवृत्त एसईसीएल कर्मी के घर चोरों का धावा, लाखों का माल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कॉलोनी में अज्ञात चोरों ने एसईसीएल से सेवानिवृत्त मकान को निशाना बनाते हुए सोने चांदी के जेवरात सहित लाखों का माल पार कर दिया है। मामले की शिकायत पर पुलिस घटना स्थल पहुंची थी जहां पुलिस ने मामले की बारीकी से जांच शुरु कर दी है।

मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत एसईसीएल के सेवानिवृत्त कर्मचारी आरके बिंद सेवानिवृत्ति के बाद वे बिलासपुर में अपना मकान बनवा रहे थे। इसी वजह से कोरबा स्थित डी-3 मकान को देखरेख के लिए नौकरानी के भरोसे छोड़ दिया गया था। मकान की देखभाल करने वाली महिला नौकरानी वहां रह रही थी। इसी दौरान चोरों ने 17-18 की दरमियानी रात मकान को निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मानिकपुर चौकी प्रभारी परमेश्वर राठौर ने बताया कि इस आवास में चोरी होने की शिकायत मिली है। इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल चोरी हुए आभूषणों और नकदी की वास्तविक कीमत का पता नहीं चल पाया है। वहीं दूसरी ओर मकान मालिक का कहना है कि चोरों ने चार से पांच लाख कीमती सोने चांदी की चोरी कर ली है। मानिकपुर चौकी पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच में जुटी हुई है।



बिखेरा गया आलमारी का सामान।

बलगी शराब दुकान के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, थाने का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बलगी क्षेत्र में शराब दुकान के पास सोमवार को एक अज्ञात वाहन की ठोकर से एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद लोगों को आक्रोश फूट पड़ा था और मुआवजे की मांग को लेकर थाने का घेराव कर दिया था। बाद में प्रशासन व पुलिस की ओर से मृतक के परिजनों को अर्थिक सहायता की राशि दिलाई गई जिसके बाद मामला शांत हुआ। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। दुर्घटनाकारित वाहन चालक की खोजबीन शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत शिव प्रसाद 28 वर्ष पिता रामस्वरूप अपने मोटर साइकिल क्रमांक सीजी बीक्यू 2167 में सवार होकर अपनी पत्नी को लेने के लिए जमनीपाली दर्री जा रहा था कि बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत शराब दुकान के पास पहुंचा था कि एक अज्ञात टीपर वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के सूचना पाते ही मृतक के परिजन बड़ी संख्या में पहुंच गए और स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा और मुआवजे की मांग को लेकर बड़ी संख्या में लोग बांकीमोंगरा थाना जा पहुंचे और घटना को लेकर आक्रोश व्यक्त करने लगे। इस दौरान प्रशासन की ओर से मृतक के परिजनों को आर्थिक राशि प्रदान की गई जिसके बाद थाने का घेराव समाप्त हुआ।

खास बातें

- बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र की घटना, अज्ञात वाहन की खोजबीन में जुटी पुलिस
- पत्नी को लेने के लिए जमनीपाली जा रहा था युवक



घटनास्थल पर युवक का शव।

बाइक को बचाने के चक्कर में ट्रेलर पलटा



कटघोरा-बिलासपुर बाईपास मार्ग पर अहिरन नदी के पास एक बड़ा सड़क हादसा टल गया, हालांकि गेहूं से भरा एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया। गनीमत यह रही कि इस दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन वाहन और उसमें लदे गेहूं को भारी नुकसान पहुंचा है। जानकारी के अनुसार ट्रेलर क्रमांक एनएल 01 एजे 5558 शहडोल से भारी मात्रा में गेहूं लोडकर रायगढ़ के लिए रवाना हुआ था। बीती रात लगभग 1 बजे जब वाहन ढेलवाडीह स्थित अहिरन नदी के पास पहुंचा, तभी अचानक एक बाइक सवार वाहन के सामने आ गया। बाइक सवार को बचाने के प्रयास में ट्रेलर चालक ने अचानक नियंत्रण खो दिया, जिससे अनियंत्रित हुआ भारी-भरकम ट्रेलर सड़क किनारे खेत में जा पलटा। गनीमत रही कि ड्राइवर और बाइक सवार बाल-बाल बच गए। हालांकि, दुर्घटना के कारण ट्रेलर में लदा गेहूं खेतों में बिखर गया और बड़ी मात्रा में गेहूं की बोरियां क्षतिग्रस्त हो गईं, जिससे वाहन मालिक को भारी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ा है।

ट्रेलर और हाइवा की भिड़ंत में चालक की मौके पर मौत



कोरबा-कटघोरा मुख्य मार्ग पर दर्री साप्ताहिक बाजार मंडी के पास सोमवार सुबह करीब 4 बजे ट्रेलर और हाइवा के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में हाइवा चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, हाइवा जमनीपाली की ओर से दर्री होते हुए कोरबा की तरफ आ रहा था, जबकि ट्रेलर दर्री से जमनीपाली की ओर जा रहा था। इसी दौरान दर्री साप्ताहिक बाजार के पास दोनों वाहनों के बीच टक्कर हो गई। भिड़ंत इतनी भीषण थी कि हाइवा चालक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे में शामिल वाहनों में ट्रेलर क्रमांक सीजी 13 बीएम 5243 तथा हाइवा क्रमांक सीजी 12 बीयू 8776 शामिल है। घटना दर्री थाना क्षेत्र की है। हादसे के बाद मृतक चालक की पहचान, दुर्घटना के कारणों और पुलिस की आगे की कार्रवाई से संबंधित विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है। पुलिस जांच के बाद ही दुर्घटना की वास्तविक परिस्थितियां स्पष्ट हो सकेंगी।



खबर संक्षेप

नई बाइक में बैठने से युवक पर चाकू से हमला

बिलासपुर। नई बाइक में बैठने पर एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया है।



पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, जरहाभाठा मिनीबस्ती निवासी विकास जांगड़े पिता धनेश जांगड़े 17 अक्टूबर की रात 8 बजे बस्ती में हरिओम किराना स्टोर के सामने सूरज रात्रे की नई बाइक पर जाकर बैठ गया। उसी बात को लेकर सूरज रात्रे ने उसके साथ गाली गलौज कर चाकू से हमला कर दिया। जिससे उसके चेहरे, सिर के पीछे, गर्दन, दोनों हाथ में चोट आई है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

छात्र को पूर्व पार्षद के भांजे ने पीटा

बिलासपुर। शराब पीने से मना करने पर छात्र के साथ पूर्व पार्षद के भांजे ने कांटा तार से जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, मुंगेली नाका सर्किट हाउस के पास रहने वाला अभिषेक अंथोनी पिता अमित जार्ज अंथोनी बीकाम की पढ़ाई कर रहा है। 18 अक्टूबर को वे अपनी मम्मी सरोज डेविड के घर डीपूपारा गए थे। रात 11 बजे डीपूपारा दुर्गा मंदिर के आगे बरगद पेड़ के पास खड़े थे। वहीं पर पूर्व पार्षद राजू साहू का भांजा शिव अपने साथियों के साथ बैठकर शराब पी रहा था। उन्होंने शराब पीने से मना किया तो शिव ने उनके साथ गाली गलौज कर बाउंड्रीबाल में लगे कांटा तार से जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने अभिषेक की रिपोर्ट पर हमलावर शिव के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

रिटायर्ड एसईसीएल अधिकारी से ठगी

बिलासपुर। रिटायर्ड एसईसीएल अधिकारी का मोबाइल हैक कर 1 लाख 39 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई है। सरकण्डा टीआई प्रदीप आर्या ने बताया कि राजकिशोर नगर कल्याण बाग निवासी रिटायर्ड एसईसीएल अधिकारी भक्तिमय चौधरी 66 साल का मोबाइल हैक कर उनके बैंक खाते से 1 लाख 39 हजार रुपए क्रेडिट कार्ड में ट्रांसफर कर आनलाइन खरीदी कर ली गई है। मोबाइल में मैसेज आने पर उन्होंने बैंक जाकर जानकारी ली तो उन्हें आनलाइन ठगी के शिकार होने की जानकारी मिली। पुलिस ने श्री चौधरी की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

महिला के गले से सोने की चेन पार, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। दुर्गा पंडाल में आरती करते समय एक महिला के गले से सोने की चेन चोरी कर ली गई है। पुलिस चोरों की पतासाजी में जुट गई है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, तेलीपारा आरके बूट हाउस गली निवासी स्वेता कश्यप पति दिलीप कश्यप 18 अक्टूबर की रात 8.30 बजे तेलीपारा शहीद चंद्रशेखर दुर्गा पंडाल में आरती में शामिल होने आई थीं। आरती के दौरान भीड़ का फायदा उठाकर उनके गले से 14 ग्राम वजनी सोने की चेन कीमत 60 हजार रुपए चोरी कर ली है। दुर्गा पंडाल में लगा सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला गया, जिसमें कुछ संदिग्ध महिलाएं नजर आ रही है। पुलिस ने बेटा शौर्य कश्यप की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 303, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

राज्य शासन स्तर पर स्वीकृति लंबित

उसलापुर ओवरब्रिज के बराबर से प्रस्तावित है एक और आरओबी का निर्माण

उसलापुर का दूसरा ओवरब्रिज रेलवे से स्वीकृत, लेकिन राज्य में अटका मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उसलापुर ओवरब्रिज के ठीक बराबर से एक और रेल ओवरब्रिज का प्रस्ताव प्रदेश सरकार स्तर पर अंतिम स्वीकृति के लिए लंबित है। शासन द्वारा आरओबी निर्माण को बजट में तो शामिल कर लिया गया है, लेकिन फिलहाल स्वीकृति नहीं मिल सकी है। ज्ञात हो कि रेल्वे द्वारा अपने हिस्से के निर्माण लिए मानचित्र को मंजूरी दी जा चुकी है।

मंगला चौक से उसलापुर की ओर जाने वाली सड़क का प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर चौड़ीकरण किया गया है। जिससे इस मार्ग में आवागमन काफी सुलभ हो चुका है। परेशानी यह है कि सड़क के चौड़ीकरण के बाद उसलापुर ओवरब्रिज की चौड़ाई अब काफी कम लगने लगी है। हालत यह है कि यहां न केवल लगातार जाम की स्थिति निर्मित होती है, बल्कि आए दिन दुर्घनाएं भी हो रहीं हैं। इन सभी स्थितियों को ध्यान में रखते हुए लोक निर्माण विभाग के सेतु संभाग द्वारा उसलापुर ओवरब्रिज के ठीक बराबर से एक और ओवरब्रिज बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था।



सेतु संभाग के प्रस्ताव को प्रदेश सरकार द्वारा इस वर्ष के बजट में तो शामिल कर लिया गया है, लेकिन इसकी प्रशासकीय स्वीकृति अब तक नहीं मिल सकी है। उसलापुर में प्रस्तावित एक और ओवरब्रिज की लंबाई 1609.415 मीटर व चौड़ाई तेरह मीटर की होगी। इसी तरह ओवर ब्रिज का निर्माण 161.30 करोड़ रूपए की संभावित लागत से किया जाएगा। प्रस्तावित ओवरब्रिज के निर्माण से पूर्व विभाग द्वारा विस्तृत सर्वे किया जा चुका है। ज्ञात हो कि ओवरब्रिज के निर्माण के दौरान पटरी के ठीक ऊपर वाले रेल्वे वाले हिस्से के निर्माण के लिए मानचित्र को रेल्वे प्रशासन द्वारा स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। विभाग द्वारा अब राज्य शासन स्तर पर प्रशासकीय स्वीकृति मिलने का इंतजार किया जा रहा है।

जल्द मिलेगी स्वीकृति

उसलापुर ओवरब्रिज के ठीक बराबर से एक और ओवरब्रिज का निर्माण प्रस्तावित है। शासन द्वारा इसे बजट में शामिल कर लिया गया है। प्रशासकीय स्वीकृति का इंतजार है। जल्द ही स्वीकृति मिलने की पूरी संभावना है।

-नितेश तिवारी, ईई
पीडब्ल्यूडी सेतु संभाग

बिजली सप्लाई बंद कर दमकल के पानी से आग पर पाया गया काबू

5 ई बाइक में लगी आग, धुंआ भरने से अटल आवास में मचा हड़कंप



कपड़ा बांधकर छत से नीचे उतरते लोग।



शार्टसर्किट से इलेक्ट्रिक बाइक में लगी भीषण आग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात सरकण्डा मुक्तिधाम अटल आवास में चार्जिंग के दौरान शार्टसर्किट से इलेक्ट्रिक बाइक में भीषण आग लग गई। उसकी चपेट में आकर पांच बाइक जलने लगीं। घरों में धुंआ भरने से लोग जागे, नीचे आग लगी देख भगदड़ मच गई। आनन फानन में लोग छत में जाकर कपड़ा बांधकर नीचे उतरे। बिजली सप्लाई बंद कर दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, सरकण्डा मुक्तिधाम के बगल में स्थित अटल आवास के लोग नीचे पार्किंग में अपनी अपनी बाइक खड़ी कर घरों में चले गए थे। एक इलेक्ट्रिक बाइक को चार्जिंग में लगाकर छोड़ दिया गया था। रात करीब 1 बजे लोगों के घरों में धुंआ भरा तो उनकी नींद खुल गई। घरों से बाहर निकलकर नीचे पार्किंग में आकर देखे तो पांच बाइक जल रही थी। जिससे अटल आवास में हड़कंप मच गया और लोग चीखने चिल्लाने लगे। आगजनी की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर सरकण्डा थाने की पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंच गई।

बिजली सप्लाई बंद कराई गई

पांच बाइक में आग लगने से पार्किंग स्थित भीषण आग की लपटों से घिर गया था। सूचना पर दमकलकर्मी दमकल लेकर मौके पर पहुंच गए। करंट की वजह पानी डालने में समस्या आ रही थी। आनन फानन में बिजली विभाग के कर्मचारियों को बुलाकर कालोनी की बिजली सप्लाई बंद कराकर दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया है।

कपड़ा के सहारे नीचे उतरे लोग

पार्किंग में भीषण आग और घरों में धुंआ भरने से रहवासियों में कोहराम मच गया। आनन फानन में लोग छत पर चले गए और रस्सी बांधकर उसके सहारे नीचे उतरकर जान बचाने लगे। इस दौरान पुलिसकर्मी व आसपास के लोगों ने लोगों का बचाव कार्य किया है।

चार्जिंग के दौरान लगी आग

चार्जिंग के दौरान इलेक्ट्रिक बाइक में आग लगने से उसकी चपेट में आकर 5 बाइक जल गई है। घरों में धुंआ भरने से लोग कपड़ा के सहारे नीचे उतरने लगे। कोई हताहात नहीं हुआ है।

-प्रदीप आर्या
सरकण्डा टीआई

मुख्यमंत्री आवास योजना के 441 हितग्राही अपात्र घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जनपद पंचायतों से भेजी गई लिस्ट में से जिला पंचायत द्वारा पात्र-अपात्रों की सूची जारी की गई है। इस योजना तहत 749 आवासों की स्वीकृति होना है, जिसमें आधे से ज्यादा 441 ग्रामीण अपात्र पाए गए हैं।

मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना राज्य पोषित योजना है, जिसकी शुरुआत वर्ष 2023 में हुई थी। मुख्यमंत्री आवास योजना अंतर्गत बिलासपुर जिले में कुल 5 हजार 464 आवासों का लक्ष्य रखा गया था। इसमें से वर्तमान में 749 आवासों की स्वीकृति होना बाकी है। इसके लिए जनपद पंचायतों से जो जानकारी भेजी गई है उसके अनुसार 749 में से आधे से ज्यादा



■ योजना तहत 749 आवासों की मिली स्वीकृति

441 हितग्राही अपात्र पाए गए हैं, जबकि आधे से भी कम 308 हितग्राही पात्र पाए गए हैं।

इसी तरह कुल 5 हजार 464 के लक्ष्य में से पूर्व में 4 हजार 715 आवास स्वीकृत किए गए थे, जिनमें से 4 हजार 429 आवासों की पहली किश्त राशि जारी हो गई है। इसी तरह 296 हितग्राहियों के आवास स्वीकृत हुए थे, जिनमें से 61 अपात्र पाए गए हैं। इन हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि जारी नहीं हुई थी। इस तरह 296 और 749 मिलाकर कुल 1045 की सूची में से केवल 543 पात्र हैं जबकि 502 अपात्र पाए गए हैं। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत अपात्र हितग्राहियों की सूची के बारे में दावा-आपत्ति 14 अक्टूबर तक संबंधित जनपद पंचायत कार्यालयों में करना था।

इस योजना के अंतर्गत आवास स्वीकृति के लिए शेष तथा स्वीकृति के बाद प्रथम किश्त जारी करने के लिए शेष हितग्राहियों में से कुल 502 हितग्राहियों की अपात्र सूची जनपद पंचायतों से मिली है। इसमें बिल्हा के 81, कोटा के 66, मस्तूरी के 191 एवं तखतपुर के 164 हितग्राही शामिल हैं।

कलेक्टर और निगम आयुक्त को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहरी निर्धन आवास योजना के तहत वर्ष 2020 में आवंटित मकान का कब्जा छह साल बाद भी नहीं मिलने के मामले में हाईकोर्ट ने बिलासपुर कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जस्टिस पार्थ प्रतीम साहू की एकलपीठ ने पूछा है कि हाईकोर्ट के पूर्व आदेश का पालन नहीं करने पर उनके खिलाफ न्यायालय की अवमानना की कार्रवाई क्यों न की जाए,मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी।

बिलासपुर के चांटीडीह किसान मोहल्ला निवासी देव कुमार निर्मलकर ने अधिवक्ता अब्दुल वहाब खान के माध्यम से अवमानना याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता के अनुसार उसे 15 अक्टूबर 2020 को लिंगियाडीह, वार्ड क्रमांक 52 में मकान नंबर एन-1 आवंटित किया गया था,



■ आवंटित मकान का कब्जा छह साल बाद भी नहीं मिला

लेकिन अब तक उसका कब्जा नहीं दिया गया। इसके लिए लंबे समय तक प्रयास करने के बाद उसने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका के अनुसार हाईकोर्ट ने 15 जून 2026 को आदेश जारी कर संबंधित अधिकारियों को आवंटित मकान की मरम्मत कराकर उसे रहने योग्य स्थिति में याचिकाकर्ता को कब्जा सौंपने के निर्देश दिए थे। इसके पालन के लिए याचिकाकर्ता ने 13 जुलाई 2026 को नगर निगम आयुक्त और 14 जुलाई 2026 को कलेक्टर के समक्ष आदेश की प्रति के साथ आवेदन प्रस्तुत किया। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए उसने अवमानना याचिका दायर की।

मामले में प्रारंभिक सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने 7 अक्टूबर 2026 को कलेक्टर और निगम आयुक्त को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। न्यायालय ने उनसे जवाब मांगा है कि आदेश के पालन में कथित चूक के लिए उनके विरुद्ध अवमानना की कार्रवाई क्यों न की जाए। प्रकरण को चार सप्ताह बाद सुनवाई के लिए नियत किया गया है।

हवाई सुविधा विस्तार आंदोलन की 7 वीं वर्षगांठ पर 26 को उलटा मार्च

बिलासपुर । हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के द्वारा बिलासपुर में हवाई सुविधा विस्तार के लिए चलाए जा रहे आंदोलन के साथ-साथ 26 अक्टूबर को पूरे हो रहे हैं। इस अवसर पर समिति ने निर्णय लिया है कि 4 सी एयरपोर्ट निर्माण में विलंब होने और कई उड़ानों के प्रारंभ होने के बाद बंद होने या उड़ानों के दिनों में कमी आने के विरोध में समिति उल्टा मार्च करेगी।

यह अनूठा आंदोलन यह दर्शाने का प्रतीकात्मक विरोध होगा कि देश में सभी जगह विकास और प्रगति में लोग आगे बढ़ रहे हैं, परंतु बिलासपुर विकास और प्रगति की दौड़ में पीछे छूटा जा रहा है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने बताया कि 26 अक्टूबर सोमवार को सुबह 10 बजे समिति के सदस्य और सहयोगी संगठनों के सदस्य महा धरना स्थल पर एकत्रित होंगे। फिर एक सभा करने के बाद यहां से उल्टा मार्च करते हुए कलेक्टोरेट तक जाएंगे और वहां मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के

■ पीएम और सीएम के नाम कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन

नाम पर ज्ञापन सौंपेंगे। समिति ने बताया कि बिलासपुर एयरपोर्ट के विस्तार के संबंध में देरी का आलम यह है कि 3 साल तक सेना के कब्जे वाली जमीन का वापसी की स्थिति फुटबॉल की तरह केंद्र और राज्य सरकार के बीच बनी रही। जब एयरपोर्ट चालू हुआ था तब दिल्ली के लिए सातों दिन उड़ान थी आज केवल चार दिन प्रयागराज के लिए उड़ान थी जो केवल एक दिन रह गई है। जबलपुर उड़ान बंद हो चुकी है, भोपाल इंदौर उड़ान बंद हो चुकी है, जगदलपुर की उड़ान बंद हो चुकी है और हैदराबाद की उड़ान 3 साल से मंजूर होने के बाद भी चालू नहीं हुई। इन सब के कारण यह फैसला लिया गया है कि समिति उल्टा मार्च करेगी। समिति का महा धरना आज भी जारी रहा और आगमन के कम से बद्री यादव, ऋषिराज सिंह गौतम, अनिल गुलहरे, गोपी राव, संतोष पीपलवा, समीर अहमद, बबला, प्रकाश बहरानी, शिरीष कश्यप, मोहन जायसवाल, विभूति भूषण गौतम, मजहर खान, मनोज तिवारी, प्रेम दास मानिकपुरी, आशुतोष शर्मा, अभिषेक चौबे, महेश दुबे टाटा, अकील अली, मोहसिन अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

आईआरसीटीसी ने की क्यूसीआई के साथ साझेदारी

बिलासपुर। आईआरसीटीसी इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कार्पोरेशन लिमिटेड ने भारतीय गुणवत्ता परिषद क्यूसीआई के साथ रणनीतिक समझौता किया है। यह साझेदारी आईआरसीटीसी के प्रबंधित सभी मोबाइल ट्रेनों और स्टैटिक स्टेशन कैटरिंग इकाइयों में खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने के लिए एक कठोर, तकनीक संचालित, स्वतंत्र थर्ड पार्टी आडिट तंत्र स्थापित करती है। गठबंधन के तहत क्यूसीआई प्रमाणित पेशेवरों को गहन, औचक त्रैमासिक और अर्ध वार्षिक निरीक्षण चक्र आयोजित करने के लिए तैनात करेगा। यह आडिट भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के वैधानिक नियमों और अंतरराष्ट्रीय पाक कला मानकों का सख्त अनुपालन लागू करेंगे।

280 स्टेशन और प्रमुख परिसर में पेयजल की सघन जांच

नवरात्रि मेले के दौरान यात्रियों को मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नवरात्रि मेले के दौरान यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एसईसीआर के 280 स्टेशन और प्रमुख परिसर में पेयजल की सघन जांच व निगरानी अभियान चलाया जा रहा है।

स्वास्थ्य निरीक्षक मौके पर पेयजल में अवशिष्ट क्लोरीन एवं कुल घुलित ठोस पदार्थों की जांच करने के साथ ही जीवाणु एवं रासायनिक परीक्षण के लिए पेयजल के नमूने भी संकलित कर रहे हैं। अभियान में नवरात्रि मेले के प्रमुख स्टेशन डोंगरगढ़ सहित विभिन्न स्टेशन पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, खाद्य संरक्षा अधिकारियों एवं स्वास्थ्य निरीक्षक संबंधित विभाग के निरीक्षक के समन्वय से निर्धारित स्थल का निरीक्षण भी कर रहे हैं।

पोड़ी में शरद संगीत समारोह 25 को

नवागढ़ । सत्य निज नाम बोध संस्थान पोड़ी आध्यात्मिक केंद्र में गुरु घासीदास संगीत महाविद्यालय हसौद और संस्कार भारती जिला सक्ती के संयुक्त तत्वाधान में शरद संगीत समारोह का आयोजन 25 अक्टूबर रविवार को दोपहर 2 बजे से रखा गया है। दोपहर में स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति होगी। इसके बाद रात्रि 8 बजे से आगंतुक कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी।

पचरी धाम से प्राचीन कलश सहित सामग्री चोरी, ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

अकलतरा। सतनाम मंदिर पचरी धाम से प्राचीन कलश सहित अन्य सामग्री चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना से नाराज ग्रामीणों ने थाना प्रभारी अकलतरा को आवेदन सौंपकर जांच, चोरी गई सामग्री की बरामदगी और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार मंदिर में वर्ष 1945 से पूजा-अर्चना की परंपरा चली आ रही है। 17 अक्टूबर को करीब पांच किलोग्राम वजनी प्राचीन काशा धातु का कलश चोरी होने की जानकारी सामने आई। आवेदन में सिंटेक्स टंकी, एलईडी बल्ब, रेलिंग, लाउडस्पीकर यूनिट और बिजली तार सहित अन्य सामग्री के नुकसान का भी उल्लेख किया गया है।ग्रामीणों ने चोरी गई सामग्री की कुल कीमत करीब 46,800 रुपये बताई है। उन्होंने मंदिर परिसर में पूर्व में हुई कथित तोड़फोड़ एवं नुकसान की घटनाओं की जांच कराने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग भी की है। इस दौरान ग्रामीणों का कहना है कि सतनाम मंदिर पचरी धाम क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है। ऐसे धार्मिक स्थल से प्राचीन कलश सहित सामग्री चोरी होना चिंताजनक है। फिलहाल ग्रामीण पुलिस की कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं। मामले की वास्तविक स्थिति जांच के बाद स्पष्ट होगी।

जुआ खेलते मंगला के 10 जुआरी पकड़े गए

बिलासपुर। पुलिस ने जोंकी में घेराबंदी कर जुआ खेलते मंगला के 10 जुआरियों को पकड़कर उनसे 16 हजार 300 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर थाने से छोड़ दिया है।

सकरी पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम जोंकी के खार में जुआरी एकत्रित होकर जुआ खेल रहे है। पुलिस ने गांव में घेराबंदी कर दबिश देकर जुआ खेलते मंगला निवासी मुकेश केंवट पिता मेलउ केंवट 30 साल, सरोज कुमार डोम पिता मिठ्ठू डोम 30 साल, नितिन पटेल पिता



सुरित लाल पटेल 24 साल, शशिकांत पटेल पिता स्व. रामस्नेही पटेल 42 साल, जितेन्द्र कौशिक पिता भरतलाल कौशिक, आनंद पटेल पिता भैयालाल पटेल 42 साल, आकाश रजक पिता स्व. गनपत रजक 23 साल, श्रवण कुमार केंवट पिता बाबूलाल केंवट 39 साल, रामायण पटेल पिता रमेश पटेल 30 साल व सरजू पटेल पिता संग्राम पटेल बरेला जरहागांव निवासी को पकड़ लिया। उनके पास से 16 हजार 300 रुपए जब्त किया गया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर थाने से छोड़ दिया है।

1 करोड़ 10 लाख बीमा दावा का भुगतान

बिलासपुर। रेल मंडल के कार्मिक विभाग में भारतीय स्टेट बैक की ओर से रेलवे सैलरी पैकेज के अंतर्गत दिवंगत रेल कर्मचारी स्वर्गीय शिवा सिंह पूर्व ट्रैक मेंटेनर खोडी की धर्मपत्नी को 1 करोड़ 10 लाख की बीमा दावा राशि प्रदान की। यह बीमा दावा भुगतान बिलासपुर मंडल एवं एसबीआई के मध्य अक्टूबर 2024 में संपन्न हुए समझौता ज्ञापन के अंतर्गत उपलब्ध कराई जा रही रेलवे सैलरी पैकेज योजना का हिस्सा है। इस योजना के तहत एसबीआई में वेतन खाता रखने वाले रेल कर्मचारियों को विभिन्न निःशुल्क बीमा सुविधाओं सहित अनेक वित्तीय लाभ प्रदान किए जाते हैं।

प्लांट में आगजनी, अधिकारियों पर हमला चक्का जाम मामले में 6 गिरफ्तार

सूरजपुर/बिहारपुर। ट्रैक्टर दुर्घटना के बाद क्रेशर प्लांट में आगजनी, अधिकारियों पर हमला, उन्हें बंधक बनाए जाने के साथ ही चक्का जाम कर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले छह आरोपियों को चांदनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

बता दें कि बिहारपुर के कुबेरपुर में ट्रैक्टर की चपेट में आकर स्कूटी सवार महिला चन्द्रावती जायसवाल पति संजय जायसवाल की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने चक्का जाम विरोध प्रदर्शन के साथ ही क्रेशर प्लांट में आगजनी की घटना को अंजाम दिया था। इसके साथ ही तहसीलदार, एसडीओपी, टीआई के साथ हाथापाई की थी। इस मामले में पुलिस ने कड़ा एक्सन लिया है। मामले में क्रेशर प्लांट संचालक खाल बहरा निवासी महावीर पाठक के मुंशी ठाड़पाथर निवासी राज नारायण पाण्डेय ने शिकायत दर्ज



कराई थी कि जब क्रेशर संचालक ट्रैक्टर चालक जयकुमार वैस द्वारा एक्सीडेंट किए जाने और मिहीला की मौत के बाद गांव के छकउ, सुभगलाल, मनीष यादव, मुन्नीलाल यादव सहित अन्य लोगों के द्वारा संगठित रूप से कुबेरपुर चौक के पास एकत्र होकर प्रदर्शन कर रहे थे और उग्र होकर रात में डीजल पेट्रोल लेकर प्लांट पहुंचे और क्रेशर प्लांट, मकान, 1 जेसीबी मशीन, 1 डिजी (जनरेटर), 1 मोटर सायकल, 1 ट्रेक्टर तथा कुर्सी टेबल को आग लगा दिये। इस मामले में एसपी योगेश पटेल के निर्देश पर एएसपी योगेश देवांगन, एसडीओपी राजेंद्र मंडावी के नेतृत्व में पुलिस द्वारा जांच जा रही थी।



अधर्म पर धर्म की विजय... रावण पर श्रीराम की विजय के प्रतीक पावन पर्व विजयादशमी की समस्त जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

जय माता दी



नारी जीवन का आधार

नारी ही सृष्टि का मूल और जीवन का सच्चा आधार है, जिसके बिना समाज, परिवार और इस संसार की कल्पना करना भी असंभव है।
भारतीय संस्कृति और प्राचीन वेदों में भी नारी को देवी का रूप माना गया है—
"यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता"
(अर्थात जहां नारियों की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं)।

प्रेमलता यादव, कोरबा डीएफओ





या देवी सर्वभूतेषु शक्ति-रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥

नारी के सम्मान और शक्ति

"नारी सिर्फ एक शब्द नहीं, शक्ति और साहस की पहचान है, जो हर मुश्किल से लड़ जाए, वही असली नारी की शान है।"
"नारी है जीवन की रोशनी, नारी से ही संसार है, उसके बिना हर खुशी अधूरी, नारी से ही हर परिवार है।"
"हौसलों से भरी है हर नारी, उसकी ताकत का कोई मोल नहीं, जो ठान ले मन में कुछ भी, उसके लिए कोई राह कठिन नहीं।"
"सृष्टि नहीं नारी बिना, यही जगत आधार, नारी के हर रूप की, महिमा बड़ी अपार।"

डॉ. वंदना चंदानी, MD (पैथोलॉजी), डायरेक्टर-ADC ग्रूप





ज़रूरत सिर्फ उसे पहचानने और उसे उड़ान देने की

वर्ष 2014 में कोरबा आने के बाद उन्होंने ऐसे बच्चों और परिवारों के लिए अपनी सेवाओं की शुरुआत की, जो सुनने, बोलने और संवाद करने में कठिनाइयों का सामना करते हैं। आज उन्हें इस क्षेत्र में एक दशक से अधिक समय तक निरंतर सेवा देने का गौरव प्राप्त है। डॉ. ज्योति बाला का उद्देश्य केवल बच्चों की कठिनाइयों को पहचानना नहीं, बल्कि उनकी क्षमताओं को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देना है। उनका दृढ़ विश्वास है। Disability को नहीं, Ability को देखिए।"
उनका अनुभव बताता है कि सही मार्गदर्शन, निरंतर प्रयास, परिवार का सहयोग और बच्चे पर विश्वास हो, तो कोई भी बच्चा अपनी सीमाओं से आगे बढ़कर आसमान की ऊँचाइयों को छू सकता है।
आज ऐसे अनेक बच्चे, जिनके लिए कभी बोलना या सुनना एक चुनौती था, अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं-और यही डॉ. ज्योति बाला के कार्य की सबसे बड़ी उपलब्धि है।
क्योंकि हर बच्चे में एक क्षमता छिपी होती है-ज़रूरत सिर्फ उसे पहचानने और उसे उड़ान देने की है।

Dr. Jyoti Bala, (BASLP ,PGDSEN, SIT, NLP)
Audiologist & Speech language pathologist
Founder & Director-Jyoti hearing care and speech therapy center





भीतर की शक्ति यानी आंतरिक शक्ति को मजबूत करने के लिए आत्म-चिंतन

भीतर की शक्ति यानी आंतरिक शक्ति को मजबूत करने के लिए आत्म-चिंतन, मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य, और अनुशासन बेहद जरूरी है। नकारात्मकता से दूरी बनाकर और हर चुनौती को एक अवसर के रूप में स्वीकार करके व्यक्ति अपने आत्मविश्वास और इच्छाशक्ति को सुदृढ़ कर सकता है। यह एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, जिसमें नियमित ध्यान, सकारात्मक सोच और छोटे लक्ष्यों को पूरा करने से आंतरिक ऊर्जा को फौलाद जैसा मजबूत बनाया जा सकता है।

सोनी विकास झा, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, बांकीमोंगरा, कोरबा





महिला सम्मान का वास्तविक अर्थ

समान अवसर: बेटी और बेटे में बिना किसी भेदभाव के शिक्षा और विकास के समान अवसर देना। निर्णय की स्वतंत्रता: परिवार और समाज के महत्वपूर्ण निर्णयों में महिलाओं की राय और उनकी सहमति को प्राथमिकता देना। सुरक्षा एवं आत्म सम्मान: केवल प्रतीकात्मक पूजा या दिवस मनाने तक सीमित न रहकर, दैनिक जीवन में महिलाओं के स्वाभिमान, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा करना। नारी केवल एक परिवार की धुरी नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र की शक्ति है। महिला का सम्मान करना केवल एक नैतिक कर्तव्य नहीं है, बल्कि यह हमारी उस महान भारतीय संस्कृति की पहचान है जो सबको साथ लेकर चलने और जीवमात्र का आदर करना सिखाती है।

रीना अजय जायसवाल, पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत कोरबा





महिला सशक्तिकरण का वास्तविक आधार

महिला सशक्तिकरण का वास्तविक आधार बाहरी अधिकारों से पहले महिलाओं की आंतरिक शक्ति को मजबूत करने में निहित है। आत्म-विश्वास, मानसिक व भावनात्मक मजबूती, शिक्षा, आर्थिक आत्मनिर्भरता, और आत्म-देखभाल जैसे तत्व महिलाओं को आंतरिक रूप से सक्षम बनाते हैं। जब एक महिला अपनी आत्म-शक्ति और अधिकारों को पहचान लेती है, तो वह किसी भी चुनौती का सामना कर एक नए समाज का निर्माण करने में पूरी तरह समर्थ हो जाती है।

सरिता धनोदिया, कटघोरा





महिला सशक्तिकरण में अधिकारों की जागरूकता का महत्व

स्वतंत्र निर्णय क्षमता: अधिकारों की जानकारी होने पर महिलाएं परिवार, शिक्षा, विवाह और करियर से जुड़े फैसले खुद ले सकती हैं। अन्याय के खिलाफ आवाज: जब महिलाएं भारतीय संविधान (जैसे अनुच्छेद 14, 15, 16) और कानूनों से परिचित होती हैं, तो वे घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा और उत्पीड़न का मुकाबला कर सकती हैं। आर्थिक आत्मनिर्भरता: अधिकारों और योजनाओं का ज्ञान महिलाओं को रोजगार, कौशल विकास और स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ता है। समान सामाजिक दर्जा: जागरूकता से पितृसत्तात्मक सोच, लैंगिक भेदभाव और रूढ़ियों को तोड़ा जा सकता है।

CMA माला सिंह, पूर्व वाइस प्रेसिडेंट, छत्तीसगढ़ टैक्स बार काउंसिल सेक्रेटरी, टैक्स बार एसोसिएशन, कोरबा



शक्तिरूपेश संस्थिता

हमारे समाज में नारी को देवी का दर्जा प्राप्त है इसीलिए उसे शक्ति स्वरूपा कहा जाता है, नारी जननी है, पालक है और प्रथम गुरु भी वही है, नारी अपनी इसी शक्ति और क्षमता के बल पर ही समाज में बराबरी का दर्जा हासिल कर रही है। नवरात्रि के पावन मौके पर आज हम शहर की ऐसी ही वो सशक्त देवियों के बारे में बता रहे है जिन्होंने किसी न किसी क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई और वह अब दूसरी महिलाओं को भी सशक्त बनाने में जुटी हुई है।







अपने दायित्वों और अधिकारों को समझें महिलाएं

आज के आधुनिक युग में महिला सशक्तिकरण (Women Empowerment) केवल एक नारा नहीं, बल्कि समाज के समग्र विकास की सबसे बड़ी आवश्यकता है। किसी भी सशक्त समाज या राष्ट्र का निर्माण तब तक असंभव है, जब तक उसकी आधी आबादी यानी महिलाएं मानसिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से स्वतंत्र न हों। महिलाओं को न सिर्फ अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना होगा, बल्कि समाज और परिवार के प्रति अपने दायित्वों को भी सही दिशा में समझना होगा।

धनश्री साहू, अधिवक्ता एवं पार्षद वार्ड क्रमांक 7 धनवार पारा



महिला सशक्तिकरण का अर्थ

महिला सशक्तिकरण का तात्पर्य महिलाओं को केवल कागजी अधिकार देना नहीं है, बल्कि उन्हें अपने जीवन से जुड़े हर बड़े फैसले-चाहे वह शिक्षा हो, करियर हो, विवाह हो या आर्थिक प्रबंधन-खुद लेने की ताकत देना है। उन्हें जाति, धर्म या लिंग के भेदभाव से ऊपर उठाकर समाज में बराबरी का सम्मान दिलाना ही वास्तविक सशक्तिकरण है।

ममता श्रीवास्तव, सचिव , महिला कायस्थ समाज कोरबा

खबर संक्षेप



नवरात्रि में भी मड़वारानी पहाड़ पर छाया अंधेरा

बरपाली। जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मड़वारानी पहाड़ पर इस नवरात्रि भी प्रशासन की लापरवाही का अंधेरा छाया हुआ है। नवरात्रि के पावन पर्व पर जहाँ हजारों श्रद्धालु माँ मड़वारानी के दर्शन के लिए पहाड़ पर पहुँचते हैं वहाँ लगे एक भी स्ट्रीट लाइट ठीक से नहीं जल रहे हैं और पूरे पहाड़ में अंधेरा छाया हुआ है जिससे श्रद्धालु भारी परेशान हैं। स्थानीय श्रद्धालुओं के अनुसार हर साल नवरात्रि में यही हाल रहता है। पूरे रास्ते मे लगे स्ट्रीट लाइट में से एक भी रात में नहीं जलते जिससे पूरे पहाड़ में अंधेरा छाया रहता है जिससे श्रद्धालुओं को भारी परेशानी हो होती है। पहाड़ के पूरे रास्ते मे अंधेरा होने के कारण जंगली जानवरों के हमले का खतरा बना हुआ है। दिन में तो यात्रा आसान होती है और दर्शन हो जाते हैं लेकिन शाम होते ही पूरे पहाड़ मार्ग पर अंधेरा पसर जाता है। अंधेरे के कारण बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को यात्रा करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही अंधेरे में गिरने और दुर्घटना का डर भी बना रहता है। लोगों का कहना है इस विषय की मौखिक शिकायत कराईनारा में लगे शिविर में क्रेडा विभाग के अधिकारियों को दिया गया था, लेकिन हर बार की तरह इस वर्ष भी एक भी स्ट्रीट लाइट नहीं जला। नवरात्रि जैसे बड़े त्योहार पर भी व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई। मंदिर समिति और श्रद्धालुओं की प्रशासन से मांग है कि जल्द से जल्द पहाड़ पर लगी सभी स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराया जाए और नवरात्रि तक रोशनी की समुचित व्यवस्था की जाए, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित रूप से माता के दर्शन के लिए जा सकें।

पौधरोपण के लिए प्रस्तावित भूमि पर अवैध निर्माण, सरपंच ने राजस्व विभाग को दी सूचना



बांकीमोंगरा। ग्राम पंचायत अरदा के बांधपारा मोहल्ले में बागेश्वर धाम स्थल के समीप शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण कर कब्जा किए जाने का मामला सामने आया है। यह भूमि पौधरोपण के लिए प्रस्तावित बताई जा रही है। आरोप है कि कई लोगों द्वारा इस भूमि पर निर्माण कर कब्जा किया जा रहा है। मामले में ग्राम पंचायत अरदा के सरपंच ने राजस्व विभाग को जानकारी दी है। सरपंच ने संबंधित विभाग को शासकीय भूमि पर हो रहे निर्माण और कब्जे की स्थिति से अवगत कराया है। पौधरोपण के लिए प्रस्तावित भूमि पर कब्जा होने से भविष्य में पौधरोपण और अन्य विकास कार्य प्रभावित होने की आशंका है। अब इस मामले में राजस्व विभाग की जांच और कार्रवाई पर नजर रहेगी। शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए प्रशासन की पहल जरूरी है।

रेलवे स्टेशनों पर 22 को होगा रेल जनसंवाद कार्यक्रम

कोरबा। रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल में विशेष अभियान 6.0 के अंतर्गत 22 अक्टूबर को बिलासपुर सहित मंडल के सभी रेलवे स्टेशनों पर एक दिवसीय पैन इंडिया रेल जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस पहल के माध्यम से रेलवे प्रशासन यात्रियों एवं आमजन से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, सुझावों और अपेक्षाओं को जानेगा तथा यात्री सुविधाओं में निरंतर सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाएगा। जनसंवाद का मुख्य उद्देश्य यात्रियों की अपेक्षाओं को समझना, उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में प्रभावी पहल करना तथा रेलवे की सेवाओं को अधिक सुविधाजनक, जवाबदेह एवं यात्री-केंद्रित बनाना है। साथ ही आमजन की सहभागिता से रेलवे की व्यवस्थाओं को और अधिक उपयोगी बनाना है। कार्यक्रम के दौरान रेलवे के अधिकारी एवं कर्मचारी स्टेशनों पर रेल यात्रियों, युवाओं तथा आम नागरिकों से संवाद करेंगे। इस दौरान यात्री सुविधाओं, स्टेशन परिसर की व्यवस्थाओं, स्वच्छता एवं अन्य रेल सेवाओं से संबंधित अनुभवों, सुझावों और शिकायतों को सुना जाएगा। प्राप्त प्रतिक्रियाओं एवं शिकायतों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत दर्ज कर उनके निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

सर्वमंगला और मड़वारानी मंदिर से निकली विसर्जन यात्रा, देवी मंदिरों में कन्या भोज के साथ हुए अनुष्ठान

जवारा विसर्जन के साथ नवरात्र पर्व का समापन, आज होगा रावण दहन



मड़वारानी मंदिर से जवारा कलश लेकर निकलती महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जवारा विसर्जन के साथ नौ दिन तक चलने वाले नवरात्र पर्व का सोमवार को समापन हो गया। इस दौरान मंदिरों में प्रज्जवलित किए गए मनोकामना ज्योति कलश और जवारे का भी देर शाम नदियों में विसर्जन किया गया। मंगलवार को जिले के शहर और ग्रामीण अंचलों में रावण दहन किया जाएगा।

आदि शक्ति पर्वतवासिनी मां मड़वारानी कोरबा-चांपा रोड मड़वारानी स्थित नीचे मंदिर के ज्योति-जवारा का विसर्जन बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ सोन नदी में किया गया। इस दौरान माता के भक्तिमय गीतों और धुनों के बीच श्रद्धालु माता की भक्ति में लीन नजर आए। पूरे वातावरण में भक्तिमय माहौल बना रहा। ज्योति-जवारा विसर्जन के अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु उपस्थित हुए। माता के प्रति आस्था और विश्वास के साथ भक्तों ने विसर्जन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न हुए इस आयोजन को देखने के लिए आसपास के क्षेत्रों से भी लोग पहुंचे। मां मड़वारानी के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था के चलते पूरा आयोजन उत्साह और भक्तिभाव से सराबोर रहा। सोन नदी में ज्योति-जवारा विसर्जन किया गया।

बालको में कन्या भोज का हुआ आयोजन



मां भवानी दुर्गा पूजा उत्सव समिति बेरियर गेट सेक्टर 7 बालको नगर में अष्टमी तिथि मां महागौरी का दर्शन किया गया जिसमें विजय यादव, खुमान यादव, सूरज यादव, संजू यादव अर्जुन यादव, शत्रुहन यादव, राधे यादव,अमित यादव, सभी समिति गण उपस्थित रहे। इसी तरह ग्राम बेलाकछार क्वार नवरात्रि राम मंदिर पुल के समीप दुर्गा मंदिर में नौ कन्या भोजन कराया गया।

नेता प्रतिपक्ष ने चैतुरगढ़ में मां के किए दर्शन



कोरबा। नवरात्रि पर्व की नवमी तिथि को नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत, सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत सहित पुत्र सूरज महंत ने चैतुरगढ पहुंचकर मां महिषासुर मर्दिनी देवी का दर्शन पूजन कर जिले सहित प्रदेश की जनता की खुशहाली और समृद्धि की कामना की।

महाअष्टमी पर मातारानी के दरबार पहुंचे विधायक प्रेमचंद



हरदीबाजार। शारदीय नवरात्रि के पावन अष्टमी पर्व के अवसर पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ग्राम पंचायत उतरदा के यादवपारा, ग्राम पंचायत नेवसा पाठ, पहाड़ ऊपर स्थित मंदिर एवं नेवसा बस्ती तथा ग्राम पंचायत दुरेना रेलवे कॉलोनी में माँ दुर्गा के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की एवं माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस पावन अवसर पर विधायक श्री पटेल ने माता रानी से समस्त क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर डॉ. प्रशांत पटेल, सोमेन चंद्रा, श्रीमती सरिता राठौर, अमित यादव, यशवंत, छोटे लाल पटेल, मंडल अध्यक्ष कृष्णा पटेल, मन्नु राठौर,विधायक प्रतिनिधि नरेन चौहान सहित कार्यकर्ता व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

मड़वारानी माता मंदिर में नवरात्रि की धूम, दर्शन के लिए उमड़ रहे भक्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

आदि शक्ति पर्वतवासिनी माता मड़वारानी दाई के पहाड़ स्थित मंदिर में शारदीय नवरात्रि पर्व श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। मां मड़वारानी सेवा एवं जनकल्याण समिति के तत्वावधान में 15 अक्टूबर को ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए। इस वर्ष मंदिर में कुल 1770 ज्योति कलश प्रज्वलित हुए हैं, जिनमें 1275 तेल ज्योति कलश, 313 तेल श्रृंगार ज्योति कलश, 56 घृत ज्योति कलश और 126 घृत श्रृंगार ज्योति कलश शामिल हैं।

नवरात्रि के अवसर पर माता मड़वारानी दाई के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो जाता है। भक्तजन माता की पिंडी के दर्शन कर पूजा-अर्चना कर रहे हैं और परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना कर रहे हैं। क्षेत्र के अलावा अन्य जिलों और प्रदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। 20 अक्टूबर को पंचमी पूजन तथा 22 अक्टूबर को सप्तमी पूजन का आयोजन किया जाएगा। सप्तमी पूजन के अवसर पर रात्रि में जसगीत जागरण होगा। वहीं, 24 अक्टूबर को हवन, कन्या पूजन तथा ज्योति-जवारा कलश विसर्जन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। विसर्जन कार्यक्रम शाम 3 बजे से प्रारंभ होगा। समिति के सचिव विनोद कुमार साहू ने बताया कि माता मड़वारानी दाई के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था है। स्थानीय क्षेत्र के साथ-साथ अन्य जिलों और प्रदेशों से भी भक्त माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। पहाड़ पर विराजमान माता की महिमा और शक्ति के प्रति श्रद्धालुओं में विशेष विश्वास है। भक्त दिन-रात माता के दरबार में पहुंचकर मत्था टेक रहे हैं और आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सेवा एवं जनकल्याण से जुड़े कार्य निरंतर किए जा रहे हैं।

लाल मैदान में दहाड़ेगा 120 फीट का रावण



लाल मैदान में तैयार रावण का पुतला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में सबसे बड़े रावण दहन के रुप में अपनी पहचान बना चुकी लाल मैदान दर्री में इस बार भी 120 फीट ऊंचे विशालकाय रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। यहां का दशहरा उत्सव उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न होगा। साथ ही जिला प्रशासन और विद्युत कंपनी के उच्चाधिकारी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। दशहरा उत्सव समिति के संरक्षक और कार्यपालक निदेशक एचके. सिह के मार्गदर्शन में लाल मैदान (दर्री) पर हसदेव ताप विद्युत संयंत्र कोरबा पश्चिम के अधिकारियों व कर्मचारियों की समिति दशहरा उत्सव की तैयारियां जोरशोर से कर रहीं हैं। दशहरा का कार्यक्रम 20 अक्टूबर को शाम 7 बजे से शुरू हो जाएगा। दशहरा के दिन लाल मैदान पर 10 सिरों वाला रावण लाल-लाल आंखें दिखाएगा, सिर घूमाएगा और जोर-जोर से अट्टहास करेगा। रात 8 बजे से आसमानी आतिशबाजी की जाएगी। पूरे मैदान पर रोशनी होगी और आसपास मेले जैसा माहौल दर्शकों के लिए खास आकर्षण का केंद्र होगा। आतिशबाजी के बाद रावण के पुतले का दहन किया जाएगा।

कटघोरा में 80 फीट के रावण का होगा दहन



कटघोरा। नगर में इस बार दशहरा उत्सव भव्यता और सांस्कृतिक रंगों के अनूठे संगम के साथ मनाने की तैयारियां की जा रही हैं। दशहरा उत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस समारोह का मुख्य आकर्षण 80 फीट ऊंचा विशाल रावण का पुतला होगा। इसके साथ आकर्षक झांकियां, हिंदी गीत-संगीत और छत्तीसगढ़ी लोककला की रंगारंग प्रस्तुतियां उत्सव की रौनक बढ़ाएंगी। आयोजन को यादगार बनाने के लिए समिति के सदस्य तैयारियों में जुटे हुए हैं। इस वर्ष दशहरा उत्सव में 80 फीट ऊंचे रावण के विशाल पुतले का निर्माण बिलासपुर के कुशल कारीगरों द्वारा किया जा रहा है। विशालकाय रावण के साथ आकर्षक झांकियां भी दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहेंगी। पारंपरिक दशहरा उत्सव को भव्य स्वरूप देने के लिए की जा रही तैयारियों से नगरवासियों में खासा उत्साह है। रावण दहन के पूर्व भव्य आतिशबाजी की जाएगी जो लोगो लिए आकर्षण का केंद्र रहेगी। दशहरा उत्सव की सांस्कृतिक संध्या में हिंदी संगीत और छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति का शानदार संगम देखने को मिलेगा। कार्यक्रम की शुरुआत रात 8 बजे भिलाई के टी. विशाल बॉबी आर्केस्ट्रा की प्रस्तुति से होगी। आयोजकों के अनुसार, मुंबई की पांच डांसर्स के साथ आर्केस्ट्रा की रंगारंग प्रस्तुति रात 11 बजे तक चलेगी। इसके बाद रायगढ़ की प्रियंका महंत छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच के माध्यम से अपनी प्रस्तुतियां देंगी। लोकगीत, पारंपरिक कला और छत्तीसगढ़ी संस्कृति से सजी यह प्रस्तुति दर्शकों को देर रात तक बांधे रखने की तैयारी के साथ आयोजित की जा रही है। हिंदी गीतों की मधुर धुनों से लेकर छत्तीसगढ़ी लोककला की जीवंत प्रस्तुतियों तक, सांस्कृतिक संध्या में मनोरंजन के विविध रंग देखने को मिलेंगे। दशहरा उत्सव में क्षेत्रीय विधायक प्रेमचंद पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं, जिला पंचायत अध्यक्ष पवन सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। अतिथियों की मौजूदगी में आयोजित यह समारोह नगरवासियों के लिए उत्सव, सामाजिक सहभागिता और सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ने का अवसर बनेगा।

इन स्थानों में होगा रावण दहन

जिले के शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में रावण दहन किया जाएगा। इसके लिए आयोजन समितियों के द्वारा अलग-अलग समय निर्धारित किया गया है। जिले का सबसे ऊंचा रावण 120 फीट का दर्री के लाल मैदान में तैयार किया गया है। इसका दहन रात 8.30 बजे किया जाएगा। उपनगरीय क्षेत्र बालकोनगर में भी रावण दहन के लिए 7.45 बजे का समय तय किया गया है। इसके अलावा पुराना बस स्टैंड में रावण दहन का समय रात 8.15 बजे, कोसाबाड़ी दशहरा मैदान में रात 8 बजे किया जाएगा। इसी तरह शिवाजीनगर में समिति के द्वारा रावण दहन रात 9.30 बजे किया जाएगा। शहर के अलावा ग्रामीण अंचलों में भी रावण दहन की तैयारी की गई है।

बरपाली में 70 फीट के रावण का होगा दहन

ग्राम पंचायत बरपाली में इस वर्ष दशहरा उत्सव भव्य और आकर्षक अंदाज में मनाया जाएगा। आयोजन समिति ने धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और मनोरंजन से भरपूर कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस अवसर पर रात्रि 9 बजे भव्य रावण दहन किया जाएगा, जिसके बाद रात्रि 10 बजे से छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोकगायक निलेश जोगी अपनी दमदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में भगवान श्रीराम की आकर्षक झांकियां, विशाल रथ यात्रा, मोरिल्ला झांकी, कर्मा नृत्य सहित रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। वहीं भव्य आतिशबाजी से पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल देखने को मिलेगा।

मारपीट कर शांति व्यवस्था भंग करने वाले 7 लोगों पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक कोरबा के निर्देशन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में में मारपीट कर शांति व्यवस्था भंग करने वाले निम्नलिखित 7 व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपियों में कुमार मोहल्ला, सीतामणी निवासी संतराम विश्वकर्मा उम्र 55 साल पिता स्व. छेतू राम विश्वकर्मा, विनोद उर्फ गोलू पटेल पिता स्व. बसंत कुमार पटेल, उम्र 37 वर्ष, ईश्वर उर्फ सोनू महंती, पिता स्व. गोविंद महंती, उम्र 35 वर्ष एवं धनदेव राम केंवट पिता स्व. धरसाराम केवट, उम्र 40 वर्ष है। जीवन लाल पटेल, पिता फोटुल राम पटेल, उम्र 43 वर्ष, निवासी क्वार्टर नंबर 205, सी ब्लॉक पीएम आवास घंटाघर, लक्ष्मणबन तालाब निवासी बिल्लू उर्फ गोविंद यादव पिता ननकू यादव, उम्र 30 वर्ष, गौतम यादव पिता ननकू यादव उम्र 44 वर्ष शामिल हैं। पुलिस द्वारा सभी आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई।

बदमाशों को समझाइश, 7 गिरफ्तार



आगामी दशहरा त्यौहार के मद्देनजर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस की विशेष अभियान चलाया गया है। आगामी दशहरा त्यौहार के दौरान जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार प्रतिबंधात्मक एवं निगरानी संबंधी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना कोतवाली क्षेत्र के 18 गुण्डा-बदमाशों, निगरानी बदमाशों एवं मारपीट संबंधी अपराधों के पूर्व आरोपियों को थाना तलब कर कड़े शब्दों में समझाइश दी गई। उन्हें भविष्य में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि में संलिप्त नहीं होने तथा अपने आचरण में सुधार लाने की सख्त हिदायत दी गई। साथ ही, शांति व्यवस्था भंग करने की आशंका को देखते हुए 7 बदमाशों के विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया गया।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना



प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फेस लिफ्ट



■ बोटाक्स फिलर
■ थ्रेड लिफ्ट
■ स्किन पॉलिशिंग
■ लेज़र फेशियल
Ajay Advt.
पचपेड़ी नाका, प्रमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060



दशहरा पर्व पर 'गण विजय' कर होगा रावण दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

हरदीबाजार एक गांव का नाम नहीं अपितु हरदीबाजार अपने आप में परिपूर्ण एक पौराणिक परंपरा को जीवांत रखे हुए वर्तमान में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं हैं।

खास बात

- हरदीबाजार में आज भी जीवित है वर्षों पुरानी परंपरा

जो हरदीबाजार को विकासखंड की दहलीज से खींच कर जमीन में दबी ऊर्जा के मुख्य स्रोत कोयला भंडार की वजह से आज अपना वजूद खोने को मजबूर है लेकिन इन सभी वर्तमान व भविष्य की चिंताओं से परे छत्तीसगढ़ व गांव की सांस्कृति व परंपराओं को जीवांत रखने के लिए आज भी बेहद ही संजीदा के साथ वर्तमान पीढ़ी अपना कर्तव्य निभा रहा है।

गांव के प्रमुख रहे स्व. गणेश राम कंवर एवं स्व. हरप्रसाद राठौर ने 1975 के समय जब हरदीबाजार एक गांव था। उस समय मनोरंजन के साधन नहीं थे। ऐसी स्थिति में गांव में दशहरा पर्व मनाना उसे जीवंत रुप में प्रदर्शित करने के लिए गण विजय का मतलब (लंका विजय) की परंपरा को निभाते आए अब उन दोनों गांव प्रमुखों के बाद स्व.गणेश राम कंवर के पुत्र मदनमोहन कंवर वही स्व.हरप्रसाद राठौर के पुत्र मदन राठौर निभाते आ रहे है। जिसकी सारी व्यवस्था ग्रामपंचायत द्वारा की जाती है। गण विजय के कहने का तात्पर्य यह है कि



ईंट मिट्टी का एक 10-12 फीट ऊंचाई गोलाकार बनाकर उसके नीचे मिट्टी पानी से बना कीचड़, जिसे लांघ कर गण पर जो चढ़ जाता है उसे ही गण विजेता कहा जाता है। विजेता के लिए गण के ऊपर ही पुरुस्कार के रूप में धोती, नारियल व रुपए रखे जाते है। रामयण में जिस तरह प्रभु श्री राम व उनके वानर सेना ने समुद्र लांघ कर लंका में धावा बोलकर श्री राम ने रावण का वध किया। इसी तर्ज पर ही गण विजय उपरांत ही रावण दहन की परंपरा आज भी निभाई जा रही है। वहीं रावण दहन के पूर्व हरदीबाजार बस्ती से राम,लक्ष्मण, हनुमान बने बालकों की झांकी निकाल कर भ्रमण करते हुए दशहरा मैदान पहुंचते हैं,इस दौरान गांव के गौंटिया के द्वारा रावण की पूजा अर्चना कर राम बने बालक के द्वारा रावण दहन की परंपरा चली आ रही है। पूर्व में हरदीबाजार इस आयोजन का एक प्रमुख केंद्र था जहां हजारों की संख्या में लोग दशहरा पर्व देखने पहुंचते थे। जो अब वर्तमान स्थिति परिस्थितियों के अनुसार अब गांव-गांव में दशहरा पर्व बड़े धूम-धाम से मनाया जाने लगा है।

हरदीबाजार। मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार में 20 अक्टूबर विजयदशमी के दिन रात्रि 8:30 बजे रावण दहन का कार्यक्रम बस स्टैंड हरदीबाजार में दुर्गा पंडाल के पास में किया जाएगा। मां दुर्गा उत्सव समिति के द्वारा लोगों को अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील की गई है।

कोरबा मार्केट

